# बजट 2021

# एक मज़बूत बी सी
## सभी के लिए







**एक बेहतर कल के लिए आज का निर्माण**

BRITISH COLUMBIA



गत वर्ष, हम ने बजट 2020 पेश किया था, जिस में हमारे विकसित हो रहे प्रांत को स्थिर रखने के लिए ऐतिहासिक पूँजीगत निवेश शामिल थे। उस के बाद के दिनों में, दुनिया उथल पुथल हो गई।

आरंभ से ही, कोविड-19 ने हमारे सामने वो चुनौतियां पेश की हैं, जिन के बारे में हम सोच भी नहीं सकते थे। मैं उन ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के दुख को समझती हूँ जिन्होंने इस वायरस के कारण किसी अपने को गँवाया है और उस दुख में शामिल हूँ । हालाँकि किसी को यह अंदाज़ा नहीं था कि यह महामारी क्या रुख़ अपनाएगी, परन्तु बी सी की मज़बूत माली बुनियाद का यह अर्थ निकला कि इस संकट का सामना करने के लिए हमारी तैयारी बढ़िया रही।

हमें पता है कि ऐसे बहुत से लोग और कारोबार हैं, जो इस महामारी से असंगत ढंग से प्रभावित हुए हैं- जिस में महिलाएँ, युवा लोग, मूलवासी समुदाय, अतिथि सेवा और पर्यटन क्षेत्र शामिल हैं।

पिछले कुछ महीनों की चुनौतियां, चाहे वह वैक्सीन की स्पलाई में होने वाली देर हो, या नए वेरीएँट का ख़तरा, इस से यह स्पष्ट हो गया है कि कोविड- 19 के विरुद्ध जंग ख़त्म नहीं हुई- परन्तु क्षितिज पर उम्मीद दिखाई देती है।

बजट 2021 बाकी की महामारी के दौरान लोगों को सुरक्षित रखने के साथ साथ आर्थिक पुन: प्राप्ति और आने वाले बेहतर दिनों के दरम्यान पुल बनाने में मदद करेगा।

उन सार्वजनिक सेवाओं को सुरक्षित रख कर जिन पर लोग भरोसा करते हैं, हम लोगों को प्रथमता देना जारी रखेंगे।

बजट 2021 से तत्काल चुनौतियों  का समाधान होगा और स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में नए निवेश, व्यवसाओं के लिए सहायता, वहन करने योग्य आवास और बाल- संभाल, परिवारों के लिए वहन करने की योग्यता के उपायों, और रिकार्ड स्तर पर रोज़गार पैदा करने के लिए समुदायक बुनियादी ढांचे के द्वारा एक मज़बूत आर्थिक पुन: प्राप्ति का निर्माण होगा।

बजट 2021 में विकास के सतर्क अनुमान और अहम माली सूझ-बूझ की हमारी परंपरा बरकरार रखी गई है।

बी सी की आर्थिक पुन: प्राप्ति रातों रात नहीं हो सकती, परन्तु उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करने से जिन की लोगों के लिए सब से अधिक महत्ता है, हम मिल जुल कर एक बढ़िया भविष्य का निर्माण करेंगे।

माननीय सेलिना रॉबिनसन
वित्त मंत्री

# भविष्य की ओर जाने के लिए लोगों और परिवारों की सहायता

इस महामारी के दौरान, बहुत से लोगों और परिवारों ने अचानक नौकरियाँ गँवाने के दबाव का अनुभव किया है और हर कोई एक ही ढंग से प्रभावित नहीं हुआ।

बजट 2021 में बाल-संभाल में सुधार कर के, जीवन को और ज़्यादा वहन करने योग्य बना कर, ग़रीबी को कम कर के, मेल-मिलाप बढ़ा कर और उन सेवाओं में निवेश कर के जिन पर लोग भरोसा करते हैं, लोगों की मदद के लिए नए निवेश शामिल हैं।

## बी सी रिकवरी बेनिफिट

बी सी रिकवरी बेनिफिट द्वारा 2.5 मिलियन ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को मदद मिलने के साथ साथ स्थानिक अर्थव्यवस्थाओं में भी उभार आया है। इस बेनिफिट के द्वारा योग्य परिवारों और अकेले माँ बाप को $1,000 तक, और योग्य व्यक्तियों को $500 तक प्रदान किये जाते हैं। बजट 2021 में बीज सी रिकवरी बैनीफिट के लिए माली मदद देना जारी रखा गया है। लोग जून 30, 2021 तक आवेदन कर सकते हैं।

## वहन करने योग्य, समावेशी बाल-संभाल

पिछले चार वर्षों के दौरान ऐतिहासिक निवेशों द्वारा बी सी के 35,000 से अधिक परिवारों की अब सस्ती बाल-संभाल तक पहुँच हो गई है।

हम हर वर्ष हज़ारों ही नए स्थान बनाना जारी रखेंगे, और सीमलेस डे पायलट प्रोग्राम का दायरा बढ़ाने से और ज़्यादा परिवारों की स्कूलों के अहातों के भीतर ही बाल-संभाल तक पहुँच हो जाएगी।

अर्ली चाइल्डहुड ऐजूकेटरों के मौजूदा वेतन में होने वाली बढ़ोतरी को दोगुना कर के $4 तक किया जाएगा, जिस से लगभग 11,000 अर्ली चाइल्डहुड ऐजूकेटरों को लाभ होगा।

2,000 और ज़्यादा परिवारों की ऐसे प्रोग्रामों तक पहुँच हो जाएगी जिस से सहायता की ज़रूरत वाले बच्चों का रोज़मर्रा की गतिविधियों में सम्मिलन बेहतर हो जाएगा।

$20 मिलियन के साथ बाल-संभाल प्रदाताओं को और ज़्यादा स्वास्थ्य और सुरक्षा अनुदान देने के लिए मदद मिलेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि साफ़-सफ़ाई के लिए वस्तुओं की और अधिक स्पलाई, निजी सुरक्षा उपकरण या स्थान की हालत सुधारने से केंद्र सुरक्षित रह सकें।



बजट 2021 द्वारा $10 प्रति दिन वाली बाल-संभाल वाले स्थानों की संख्या दोगुनी से अधिक की जाएगी, जिस का मतलब है 75 और बाल-संभाल केंद्र और हज़ारों ही परिवार, जो इन पर निर्भर हैं, इस प्रोग्राम से लाभ उठाएँगे।

## बी सी के बच्चों के लिए मुफ़्त सार्वजनिक यातायात

340,000 से अधिक बच्चे, जो 12 साल या उस से कम हैं, इस सितम्बर में क्लासें शुरू होने पर सार्वजनिक यातायात द्वारा निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे।

ट्रांसलिंक इलाकों में रह रहे परिवार हर बच्चे के पीछे $672 प्रति साल तक बचा सकेंगे, जब कि बी सी ट्रांज़िट सनुदायों में रह रहे परिवार $400 प्रति वर्ष तक बचा सकेंगे।

## चाइल्ड अपरच्युनिटी बेनिफिट

अक्तूबर 2020 से प्रभावी, लगभग 300,000 परिवारों को चाइल्ड अपरच्युनिटी बेनिफिट मिलना शुरू हुआ था, जो बच्चों के 18 साल का हो जाने तक जारी रहेगा। एक बच्चे वाले परिवारों को इस साल $1,600 तक, दो बच्चों वाले को $2,600 तक, और तीन बच्चों वाले को $3,400 तक मिलेंगे।

## युवकों के लिए नए प्रशिक्षण और रोज़गार अवसरों में निवेश

- पोस्ट-सेकंडरी शिक्षा में मदद के लिए नई माली मदद, जिस में स्वास्थ्य-संभाल क्षेत्र में प्रशिक्षण सामर्थ्य पैदा करने के लिए नए स्थान शामिल हैं।
- स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना द्वारा आरंभ किये गए प्रशिक्षण को जारी रखने के लिए $32 मिलियन, जिस में शामिल है:
    - हुनर प्रशिक्षण तक पहुँच का दायरा बढ़ाने के लिए मूलवासी समुदायों और संस्थाओं के साथ भागीदारी करने के लिए $17 मिलियन।
    - पेशों को कायम रखने और नए पेशे अपनाने के इच्छुक लोगों के लिए माईक्रो-क्रिडेंशियल प्रशिक्षण का दायरा बढ़ाने के लिए $5 मिलियन।
    - कार्य-संयुक्त शिक्षा अवसरों और अल्प- कालिक हुनर प्रशिक्षण के लिए $10 मिलियन।
- युवक रोज़गार उपक्रमों के लिए $45 मिलियन, जिस से स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन: प्राप्ति योजना द्वारा निवेशों के साथ मिला कर 5,000 नौकरियाँ पैदा करना।

## बी सी के युवकों को शिक्षा निवेशों द्वारा सहारा

विद्यार्थियों की सहायता के लिए माली मदद देने के लिए बड़े निवेश किए जा रहे हैं। इस वर्ष, माली मदद में निरंतर वृद्धि के अतिरिक्त, हम स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य सहायता में सुधार करने के लिए, और नस्लवाद और मेल- मिलाप के समाधान के लिए निवेश कर रहे हैं, ताकि आगे वाली पीढ़ी उस सहायता से विकास कर सके जिस की उन को फलने फूलने के लिए ज़रूरत है। इस के इलावा, पूँजीगत निवेशों से पूरे बी सी के समुदायों में नए स्कूलों का निर्माण और मौजूदा स्कूलों का स्तर बढ़ाना जारी रखा जाएगा।



## अर्थपूर्ण मेल-मिलाप

> मेल-मिलाप किसी एक निर्णय, घटना या पल की अपेक्षा अधिक होता है। यह एक सांझी और निरंतर यात्रा है जिस में हम मिल कर शामिल होते हैं।

बजट 2021 द्वारा 2020 की पतझड़ की स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति योजना को आगे बढ़ाया गया है ताकि मेल-मिलाप को उभारा जा सके और एक और ज़्यादा समावेशी अर्थव्यवस्था का निर्माण किया जा सके। इस में मेल-मिलाप को उभारने के लिए मूलवासी लोगों के साथ सहयोग करने के लिए, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि मूलवादी लोग बी सी की आर्थिक पुन:प्राप्ति में पूरी तरह शामिल हो सकें, माली मदद शामिल है।

बजट 2021 में मूलवासी संपर्क और मेल-मिलाप मंत्रालय के लिए वार्षिक बुनियादी माली मदद के रूप में $60 मिलियन की बढ़ोतरी की गई है। यह विशेष-कार्य समर्पित माली मदद है ताकि समझौता वार्ताओं सहित भूमि और स्रोत संबंधित गतिविधियों, और विधान, नीति और प्रोग्रामों के बारे में विचार- चर्चा में मूलवासी सहभागिता को मज़बूत किया जा सके।

बजट 2021 में यह भी शामिल है:

- $45 मिलियन, साँस्कृतिक लिहाज़ से सुरक्षित सेहत सेवाओं और हर एक क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकरणों में और ज़्यादा मूलवासी संपर्क को मज़बूती देने के लिए रखे गए हैं ताकि मूलवासी लोगों के लिए स्वास्थ्य तक पहुँच और सेवाओं में सुधार हो सके।:
- $14 मिलियन, पूरे बी सी में मूलवासी लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और व्यसनलिप्तता से संबंधित नियोजित सेवाएँ मुहैया कराने के लिए फ़र्स्ट नेशनज़ स्वास्थ्य अधिकरण के लिए रखे गए हैं।
- 400 और स्थान, एबोरिजिनल हेड स्टार्ट प्रोग्राम में बनाए जाएंगे, जो मूलवासी परिवारों के लिए साँस्कृतिक लिहाज़ से उचित बाल-संभाल प्रदान करता है।
- सैंकड़ों ही मूलवासी समुदायों और संस्थाओं के साथ भागीदारी करने के लिए माली मदद ताकि हुनर प्रशिक्षण प्रोग्रामों तक पहुँच का दायरा बढ़ाया जा सके।

## बी सी के कमज़ोर लोगों को सहारा और एक अधिक न्यायसंगत भविष्य का निर्माण

बजट 2021 में कमज़ोर लोगों की ओर देशित प्रोग्राम और माली मदद शामिल है। इस में बी सी में आमदनी और डिसेबिलिटी सहायता में आज तक की सब से बड़ी स्थायी बढ़ोतरी शामिल है।

> सहायता प्राप्त कर रहे लोगों के लिए 2017 से ले कर पहले हुए दो इज़ाफ़ों को और बढ़ा कर $325 प्रति महीना की कुल बढ़ोतरी करने के लिए आमदनी और डिसेबिलिटी सहायता दरों में $175 प्रति महीना की बढ़ोतरी, जो कि 53% तक की बढ़ोतरी है।

सीनियर सप्लीमेंट भी दोगुना कर दिया जाएगा, जिस से कम आमदनी वाले 80,000 बुज़ुर्गों को लाभ होगा।

देखभाल प्राप्त कर रहे बच्चों या जिन के पास देखभाल के वैकल्पिक प्रबंध हैं, के लिए भी अधिकतर माली मदद उपलब्ध होने से उन प्रोग्रामों के लिए भी अधिकतर सहायता साधन, जो किसी अपंगता या डाक्टरी ज़रूरतों वाले बच्चों को मदद देते हैं।

कम्युनिटी लिविंग बी सी को विकास अपंगता वाले 24,000 से अधिक बालिग़ों और उन के परिवारों को सहायता साधन और सेवाएँ प्रदान करने के लिए नई माली मदद मिलेगी।

हमारी न्याय प्रणाली में नए निवेशों से विशेष रूप में स्त्रियों, प्रत्यक्ष अल्पसंख्यकों, अकेले माँ-बाप, शरणार्थियों, मूलवासी लोगों, 2एस एल जी बी टी क्यू (2SLGBTQ+) समुदायों के सदस्यों और कम आमदनी वाले लोगों को इंसाफ़ तक समय रहते और न्यायसंगत पहुँच प्रदान करने में मदद मिलेगी।

## वहन करने योग्य अधकि आवास



सरकार की ओर से 2018 में अपनी 10-वर्षीय होम्ज़ फॉर बी सी योजना के आरंभ करने से ले कर 26,000 से अधिक नए घरों का निर्माण किया जा चुका है या हो रहा है।

बजट 2021 द्वारा बढ़ रहे परिवारों, बुज़ुर्गों, हिंसक स्थितियों में से निकलने वाली स्त्रियों और बच्चों, विद्यार्थियों और मूलवासी लोगों के लिए और ज़्यादा वहन करने योग्य आवास के और भी विकल्प उत्पन्न किए जाएंगे। इस में हाउसिंग हब में $2-बिलियन के नए निवेश के द्वारा मध्यम-आमदनी वाले घर-परिवारों और परिवारों के लिए लगभग 9,000 नए घरों का निर्माण संभव बनाना शामिल है।

बजट 2021 द्वारा 3,000 से अधिक अस्थाई आपात शरण-स्थानों और होटलों में स्थानों, जिन से महामारी के दौरान जाने के लिए सहायता-साधनों वाला एक सुरक्षित स्थान मुहैया होता है, का प्रबंध कर के आवासहीनता का या ऐसा होने के खतरे का सामना कर रहे लोगों की निरंतर सहायता की जा रही है।

# ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का बचाव

बजट 2021 द्वारा ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का बचाव करना और आगामी तीन वर्षों के दौरान स्वास्थ्य-संभाल के लिए $4 बिलियन की माली मदद से वे सेवाएँ, जिन पर लोग निर्भर करते हैं, का दायरा बढ़ाना जारी रखा जा रहा है, जिस में कोविड-19 संबंधित सेवाएं निरंतर मुहैया कराने के लिए माली मदद शामिल है।

## लोगों को सुरक्षित रखने के लिए कोविड-19 स्वास्थ्य सहायता

जैसे जैसे लोगों का टीकाकरण हो रहा है, सरकार लोगों को सुरक्षित रखने के लिए कड़ा परिश्रम कर रही है। बजट 2021 में प्रांतीय सरकार की कोविड-19 महामारी के प्रति निरंतर जारी कार्यवाही को मज़बूत करने के लिए 2021-22 में $900 मिलियन निर्धारित किये गए हैं।

- हर एक ब्रिटिश कोलंबिया निवासी के लिए कोविड-19 वैकसीनें
- टेस्ट करना और संपर्क-खोज करना, फ्लू के टीकाकरण का दायरा बढ़ाना और ग्रामीण, दूरवर्ती और मूलवासी समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच में सुधार।
- बुज़ुर्गों को सुरक्षित रखने के लिए लॉन्ग-टर्म केयर और अस्सिटिड लिविंग स्थानों में कोविड-19 के लिए स्क्रीनिंग स्टाफ।

## एक स्वस्थ कल के लिए बी सी की स्वास्थ्य-संभाल को मज़बूत करना

बजट 2021 में बी सी स्वास्थ्य-संभाल को निरंतर मज़बूत करते रहने के लिए बड़े निवेश शामिल किए गए हैं, ताकि लोगों को भरोसा रहे कि जब भी उन को ज़रूरत पड़े, सहायता मौजूद रहेगी।

- $585 मिलियन, 3,000 तक लोगों को स्वास्थ्य-संभाल सहायता कामगारों के रुप में प्रशिक्षण देने और भरती करने के लिए।
- $45 मिलियन, स्वास्थ्य-संभाल व्यवस्था में मूलवासी लोगों के विरुद्ध व्यवस्थागत नस्लवाद का समाधान करने में मदद करने के लिए।
- $68 मिलियन, केयर एड कामगारों और समुदायक देखभाल प्रदाताओं की संख्या बढ़ा कर बुज़ुर्गों की रोज़मर्रा के रहन- सहन में सहायता करने के लिए घरों में गुणवत्ता-पूर्ण देखभाल मुहैया कराने के लिए।
- $12 मिलियन, पचीदा ज़रूरतों के लिए देखभाल की ज़रूरतों वाले बुज़ुर्गों को घरों के आरामदायक माहौल में देखभाल मुहैया कराने के लिए।

$495 मिलियन, डायगनौस्टिक इमेजिंग और आप्रेशन करने का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए।

## बी सी के इतिहास में सब से बड़ा मानसिक स्वास्थ्य निवेश

बी सी के इतिहास में ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के मानसिक स्वास्थ्य में अब तक किए गए सब से बड़े निवेश  द्वारा, बजट 2021 में मानसिक स्वास्थ्य और मादक पदार्थों का प्रयोग से संबंधित सहायता साधनों का दायरा बढ़ाना जारी रखा जाएगा ताकि लोगों को साँस्कृतिक रुप में सुरक्षित और प्रभावी देखभाल से बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके।

इस में मानसिक स्वास्थ्य और व्यसनलिप्तता से संबंधित सेवाओं का दायरा बढ़ाने के लिए माली योजना के दौरान, $500 मिलियन की नई माली मदद शामिल है।

- $61 मिलियन, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच और उन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए।
- $14 मिलियन फ़स्ट नेशनज़ स्वास्थ्य अधिकरण के लिए, ताकि मूलवासी लोगों को व्यसनलिप्तता से संबंधित सेवाएं मुहैया करवाई जा सकें।
- $330 मिलियन, ताकि मादक पदार्थों के प्रयोग के इलाज और स्वास्थ्यलाभ सेवाओं का एक मुकम्मल स्पेक्ट्रम प्रदान किया जा सके, जिस में ओपिओइड चिकित्सा भी शामिल है।
- और अधिक लोगों को स्वास्थ्यलाभ के रास्ते पर चलाने में सहायता करने के लिए पूरे प्रांत में मादक पदार्थों के प्रयोग और स्वास्थ्यलाभ के लिए 195 नए बैड।

$97 मिलियन, युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता साधनों के एक बेहतर नेटवर्क का निर्माण करने के लिए।

## नये स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में निवेश

माली योजना की अवधि के दौरान $7.8 बिलियन के पूँजीगत निवेशों द्वारा बजट 2021 बेहद ज़रूरी स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का निर्माण करने पर निरंतर केंद्रित रहेगा। इन निवेशों द्वारा नए बड़े निर्माण प्रॉजेक्टों के लिए और स्वास्थ्य सुविधाओं, डाक्टरी और डायगनौस्टिक उपकरण और प्रौद्योगिकी व्यवस्थायों का स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

नया सरी अस्पताल और कैंसर सेंटर जैसे नए स्वास्थ्य प्रॉजेक्ट, जैसे कि, नया सेंट पॉल्ज़ अस्पताल और कोवीचैन डिस्ट्रिक्ट, डासन क्रीक और डिस्ट्रिक्ट, टेरेस और स्टुआरट लेक में नए अस्पतालों जैसे प्रॉजेक्टों से अलग हैं। बरनबी अस्पताल, कैमलूपस के  रॉयल  इनलैंड अस्पताल, पेनटिंकटन रीजनल अस्पताल और कैरिबू मेमोरियल अस्पताल में मरीज़ों के लिए नए स्थान भी निवेशों में शामिल हैं।

# महामारी के दौरान बी सी के व्यवसायों की सहायता

बजट 2021 द्वारा बी सी के कव्यवसायों की सहायता साधनों और सेवाओं तक पहुँच होती रहेगी, जिस में उन के लिए अधिकतर नियोजित सहायता साधन हैं जो कोविड-19 से सब से अधिक प्रभावित हुए हैं।

बजट 2021 में स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुनः प्राप्ति योजना द्वारा व्यवसायों के लिए आरंभ किए गए निरंतर जारी सहायता साधनों के लिए माली मदद दी गई है ताकि इस महामारी के दौरान बी सी के व्यवसायों की मदद की जा सके और उन को आर्थिक पुनःप्राप्ति के लिए तैयारी करने में सहायता दी जा सके। निरंतर जारी सहायता साधनों में शामिल हैं:

- $150 मिलियन, स्ट्रॉन्गर बी सी इनक्रीज़्ड एम्प्लॉयमेंट इनसेंटिव टैक्स क्रेडिट के लिए।
- $35 मिलियन, ताकि बी सी के किसानों की अस्थायी विदेशी कामगार रखने में मदद की जा सके जो बी सी की फ़सल कटाई को कोविड-19 से सुरक्षित रखने में सहायता करते हैं।
- $10 मिलियन, ताकि बी सी के उत्पादों के लिए घरेलू बाज़ार को मज़बूत करने और इस का दायरा बढ़ाने के लिए ग्रो बी सी, फीड बी सी, बाई बी सी रणनीति का दायरा बढ़ाया जा सके।
- $195 मिलियन की माली मदद, ताकि छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए बिज़नेस रिकवरी अनुदान प्रोग्राम जारी रखा जा सके।

यह निवेश 2020 के पतझड़ में स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुनः प्राप्ति योजना में शामिल सहायता साधनों को आगे बढ़ाते हैं:

- चुनिंदा उपकरणों और मशीनरी में पूँजीगत निवेशों पर पी एस टी में निरंतर जारी छूट, ताकि व्यवसायों को आधार कायम करने और संचालन विधियों का स्तर बढ़ाने में मदद मिल सके, जिस के लिए बी सी के अनुमानित 110,000 निगमित व्यवसाय योग्य हो सकेंगे।
- $44 मिलियन लांच ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए, जिस से व्यवसायों के लिए उन का ई-कामर्स तैयार करने के लिए या उसे बेहतर बनाने के लिए उन को प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ जोड़ा जाएगा और व्यवसायों को अपनी ऑनलाइन बिक्री को उभारने में मदद देने के लिए डिजिटल मार्किटिंग प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- $10 मिलियन, ताकि छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों की बाज़ार में अपने उत्पादों तक पहुँच को बढ़ाने में सहायता कर के बी सी में मूल्य-वर्धित (वेल्यु एडिड) उत्पादन में विस्तार किया जा सके और बी सी के स्पलाई सिलसिले को मज़बूत करने में मदद करने के लिए व्यवसायों के लिए अधिकतर $6 मिलियन की ग्रांटें।
- $7.5 मिलियन, ताकि बी सी के विकसित हो रहे एग्री-टेक उद्योग को सहायता दी जा सके।



- $7 मिलियन, ताकि बी सी के फूड हब नेटवर्क का दायरा बढ़ाया जा सके और खेती नवरीति और भोजन संसाधन में मदद दी जा सके।
- 2020 के व्यापारिक प्रॉपर्टी टैक्स में औसतन 25% की कमी।

## बी सी के सब से अधिक प्रभावित क्षेत्रों को सहारा

इस महामारी के समय दौरान अलग-अलग क्षेत्रों ने विशेष चुनौतियों का सामना किया है, और प्रांतीय सरकार ने ऐसे सहायता साधनों के द्वारा कार्यवाही की है जो उन की विलक्षण ज़रूरतों के लिए सही बैठते हैं।

इस महामारी के बाकी रहते समय के दौरान और ज़्यादा पुनःप्राप्ति की ओर कदम बढ़ाने के लिए ऐसे क्षेत्रों को, जो सब से अधिक प्रभावित हुए हैं, हम निरंतर सहारा देते रहेंगे।

### पर्यटन

पर्यटन निवेशों से एक ऐसा क्षेत्र, जिस में वह समूह जो असंगत ढंग से प्रभावित हुए हैं, श्रम संख्या के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं, की आर्थिक पुनःप्राप्ति को सहारा मिलेगा।

- 2020 की पतझड़ में स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुनःप्राप्ति योजना में पर्यटन राहत और आर्थिक पुनःप्राप्ति के उपायों के लिए $70 मिलियन से अधिक रखे गए थे, जिस में पर्यटन बुनियादी ढांचे के निर्माण, स्थिति अनुकूल बनाने और विविधता लाने के लिए नगरपालिकाओं की मदद करने के लिए और मूलवासी पर्यटन व्यवसायों को मदद देने के लिए निवेश शामिल थे।
- $100 मिलियन, जो 2020 की पतझड़ में ऐलान की गई छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए अनुदान के रुप में माली मदद का हिस्सा है, पर्यटन संचालकों के लिए नियोजित है।

बी सी के पर्यटन क्षेत्र को एक मज़बूत भविष्य के लिए तैयारी करने में मदद देने के लिए, बजट 2021 द्वारा निवेश किए जाएंगे:

- कम्युनिटी डेस्टिनेशन डिवेल्पमेंट ग्रांटों के लिए अधिकतर $20 मिलियन, जो समुदायों की ट्रेलों और हवाई अड्डों में सुधार करने जैसे नए पर्यटन बुनियादी ढांचे के द्वारा भविष्य के पर्यटकों के लिए तैयारी करने में मदद करेंगी।

> $100 मिलियन, ताकि पर्यटन पुनःप्राप्ति को सहारा दिया जा सके, जिस में प्रमुख आकर्षण स्थानों के लिए सहायता शामिल है जो ब्रिटिश कोलंबिया को एक ऐसा विलक्षण गंतव्य बनाने में मदद करते हैं।

## कला और संस्कृति

बी सी के कला और मनोरंजन समुदायों के नेताओं के साथ सरकार ने नज़दीक से सहयोग किया है जिससे नियोजित पुन:प्राप्ति के लिए माली मदद पैदा की जा सके और आगामी तीन वर्षों के दौरान बी सी के संगीत उद्योग को सहारा देने के लिए एम्प्लिफाई बी सी द्वारा $22.5 मिलियन का, और कला एवं मनोरंजन संस्थाओं को सहारा देने के लिए $35 मिलियन का पहले से ही निवेश किया है।

बजट 2021 में आर्टस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोग्राम के लिए बजट दोगुना कर के इन निवेशों को आगे बढ़ाया गया है, जिस से कला और संस्कृति संस्थाओं की सेहतयाबी में मदद करने के लिए पूँजीगत सुधार ग्रांटों के रुप में $6 मिलियन प्रदान किए जाएंगे।

## रेसतोरां और अतिथि सेवा

रेसतोरां और अतिथि सेवा उद्योग को बार बार इस महामारी के बदलते भूमि-दृश्य और प्रांतीय सेहत अधिकारी के निर्देशों के अनुसार ढलना पड़ा है।

सरकार इस तरह से रेसतोरां और अतिथि सेवा उद्योग को सहारा दे रही है:

- सर्कट ब्रेकर बिज़नेस रिकवरी ग्रांटों द्वारा $50 मिलियन से अधिक के साथ 14,000 रेसतोरां, बार, बरूवरियों, वाइनरियों, जिम और फ़िटनेस सेंटरों को सहारा देना।
- भोजन डिलिवर करने वाली कंपनियों द्वारा रेसतोरां से वसूल की जाने वाली फ़ीस की हद अस्थायी तौर पर अधिक से अधिक 15% तक रखने का निर्देश जारी करना।
- महामारी के दौरान नौकरी से फ़ारिग किए गए सैंकड़ों ही पर्यटन और अतिथि सेवा क्षेत्र के कर्मचारियों को ग़ैर- क्लिनीकल स्टाफ के तौर पर बी सी की टीकाकरण योजना में मदद करने के लिए भरती करना।



रेसतोरां, बार और पर्यटन संचालकों की लिकर लाइसेंसों के साथ बीयर, वाइन और शराब स्थायी तौर पर थोक लिकर कीमत पर खरीदने में मदद करना।

बी सी के व्यवसायों ने कोविड-19 के बार बार बदलते भूमि-दृश्य के दौरान पुनर-विचार और पुनर-युक्ति के लिए रचनात्मकता और नवरीति का प्रयोग किया है।

जिन व्यवसायों को अब ज़रूरत है, उन को सहारा देने के लिए और बी सी के सभी व्यवसायों को स्थिति अनुरूप ढल कर भविष्य की ओर कदम बढ़ाने में सहायता देने के लिए सरकार मौजूद है।

# मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति और हमारे भविष्य में निवेश

बजट 2021 में उन निवेशों को प्रथमता देना जारी रखा गया है, जो महामारी के प्रति कार्यवाही करने के लिए और एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए तैयारी करने में बी सी की सहायता करते हैं।

यह निवेश उन $10 बिलियन में बढ़ोतरी करते हैं जो इस महामारी के शुरू होने से ले कर लोगों, व्यवसायों और समुदायों को सहायता देने के लिए प्रदान किये गए हैं।

इन निवेशों से नौकरियाँ पैदा करने, आर्थिक पुन:प्राप्ति को सहारा देने, और एक ज़्यादा स्थिर, समावेशी, और न्यायसंगत अर्थव्यवस्था उत्पन्न करने में मदद मिलेगी।

बजट 2021 द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं, स्कूलों, और हाईवे एवं ट्रांज़िट प्रॉजेक्टों का बेहद ज़रूरी स्तर बढ़ा कर उचित बुनियादी ढांचा स्थापित हो सके।

बजट 2021 में कर-दाता द्वारा प्रदान सहायता के रूप में $26.4 बिलियन के रिकार्ड-स्तरीय पूँजीगत निवेश प्रदान किए गए हैं, जिन के साथ तीन-वर्षीय योजना के दौरान 85,000 से अधिक नौकरियाँ उत्पन्न होने की आशा है।

यह निवेश सरकार की ओर से पहले ही बेहद ज़रूरी बुनियादी ढांचे में किए गए ऐतिहासिक निवेशों को आगे बढ़ाते हैं। इस के द्वारा दोनों मौजूदा प्रॉजेक्टों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि लोग तुरंत काम पर वापस जा सकें, और यातायात, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में नए निवेशों के द्वारा दीर्घ-कालीन पुन:प्राप्ति की नींव मज़बूत बनाई जा सके।

बजट 2021 में यह निवेश भी किए गए हैं:

- $40 मिलियन, ताकि और ज़्यादा ग्रामीण और दूरवर्ती समुदायों के लिए, जिन में मूलवासी समुदाय भी शामिल हैं, हाई-स्पीड इन्टरनेट और सेलुलर कवरेज मुहैया कराया जा सके।
- $83 मिलियन की संचालन और पूँजीगत माली मदद बी सी पार्क्स के लिए, ताकि ट्रेलों और बैककंटरी बुनियादी ढांचे का दायरा बढ़ाया जा सके और इन में सुधार किया जा सके, नई कैम्पसाइटों का विस्तार किया जा सके, पार्कों का आकार बढ़ाने के लिए नई ज़मीन ख़रीदी जा सके, डिस्कवर कैंपिंग की आरक्षण व्यवस्था में सुधार किया जाए, और पार्कों के मौजूदा बुनियादी ढांऐ में सहायता दी जा सके।
- $30 मिलियन, ताकि बी सी के कॉन्फ़ेडरेशन में शामिल होने की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर किये जाने वाले उपक्रमों में सहायता दी जा सके।

बजट 2021 में इन-बी सी स्ट्रेटजिक इनवेस्टमेंट निधि के लिए तीन वर्षों के दौरान, वित्त-पोषण के लिए $500 रखे गए हैं ताकि बी सी में उच्च-विकास सामर्थ्य वाले व्यवसायों, प्रतिभा और बढ़िया नौकरियाँ को आकर्षित करने और स्थिर रखने में सहायता मिल सके।

## बी सी की क्लीन-बी सी द्वारा एक और ज़्यादा हरित पुन:प्राप्ति के लिए तैयारी

बजट 2021 उस प्रगति को आगे बढ़ाता है जो हम एक और ज़्यादा शुद्ध, और ज़्यादा मज़बूत अर्थव्यवस्था उत्पन्न करने के द्वारा की है, जिस के लिए उत्सर्जन घटाने के लिए अधिकतर $506 मिलियन का निवेश किया गया है, शुद्ध ऊर्जा और क्लीनटेक में निवेश किया गया है, और जलवायु परिवर्तन के लिए तैयारी की गई है। स्ट्रॉन्गर बी सी आर्थिक पुन: प्राप्ति योजना द्वारा, हम ने जलवायु परिवर्तन प्रॉजेक्टों में $190 मिलियन का निवेश किया है ताकि रोज़गार और एक और ज़्यादा शुद्ध, स्थिति अनुरूप और अधिक ढल सकने वाली अर्थव्यवस्था को मज़बूत किया जा सके।



इन निवेशों के साथ यातायात में उत्सर्जन घटेगा, अल्प-कार्बन नवरीति मज़बूत होगी, नाज़ुक वाटरशेडों और प्राकृतिक वास को पूर्वावस्था प्राप्ति और सुरक्षा मिलेगी और जलवायु परिवर्तन से निपटने के साथ साथ इस के प्रभावों के लिए तैयारी की जा सकेगी।

बजट 2021 में शामिल की गई माली मदद के साथ क्लीन बी सी के लिए निर्धारत कुल माली मदद, जिस में स्ट्रॉन्गर बी सी भी शामिल है, 2020/21 से ले कर तकरीबन $2.2 बिलियन तक पहुँच गई है।

### शुद्ध यातायात

और ज़्यादा शुद्ध वाहनों की ओर परिवर्तित होने में निरंतर निवेश, जिस के लिए ज़ीरो-उत्सर्जन वाहनों, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों, प्रौद्योगिकी विकास और स्कूल बसों, फ़ैरियों और सरकारी फ़्लीटों के विद्युतीकरण के लिए प्रोत्साहन में मदद देने के लिए $130 मिलियन रखे गए हैं, जिस में शामिल है:

- » $94 मिलियन, गो इलेक्ट्रिक प्रोग्राम के अंतर्गत, जिस से ज़ीरो-उत्सर्जन वाहन, चार्जिंग स्टेशन खरीदने के लिए छूटें प्रदान की जाएंगी और हेवी-ड्यूटी वाहनों के व्यापारीकरण में सहायता दी जाएगी।
- » $18 मिलियन, क्रियाशील यातायात बुनियादी ढांऐ की मज़बूती के लिए, जैसे कि बाइक लेन, साइड वाक और मल्टी-यूज़ पाथवे।
- » इलेक्ट्रिक बाइकों पर पी एस टी की छूट, जिस से ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को अनुमानित $7 मिलियन की सालाना बचत होगी।



- » $10 मिलियन, ताकि फ्यूल की कार्बन तीव्रता को घटाने के लिए और यहाँ बी सी में हाईड्रोजन अर्थव्यवस्था के विकास के लिए आगे और नीति विकसित की जा सके।

### बेहतर इमारतें, और ज़्यादा मज़बूत समुदाय

बजट 2021 द्वारा इमारतों में ऊर्जा- कुशलता, बेहतर शहरी योजनाबंदी और दूरवर्ती और मूलवासी समुदायों में डीज़ल का प्रयोग घटाने के लिए माली मदद में बढ़ोतरी कर के समुदायों को और अधिक शुद्ध, और अधिक मज़बूत बनाने में सहायता दी जा रही है।

### उद्योगों और क्लीनटेक से सहयोग

- » $96 मिलियन, क्लीन-बी सी प्रोग्राम के लिए, ताकि उद्योग उत्सर्जन घटा सकें, क्लीन-टेक क्षेत्र का दायरा और बढ़ा सकें, और शुद्ध अर्थव्यवस्था में विश्वव्यापी प्रतियोगितात्मकता को मज़बूत बना सकें।
- » $60 मिलियन, ताकि फेडरल सरकार के साथ भागीदारी के अवसरों का दायरा बढ़ाने के लिए सेंटर फॉर इनोवेशन एंड क्लीन एनर्जी को सहायता दी जा सके और क्लीनटेक निवेश किए जा सकें।
  - सेंटर फॉर इनोवेशन एंड क्लीन एनर्जी बी सी में शुद्ध प्रौद्योगिकी के विकास और व्यापारीकरण में मदद करेगा- जिस से बढ़िया नौकरियाँ उत्पन्न होंगी और अल्प-कार्बन भविष्य की ओर परिवर्तित होने में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी के विकास की गति तेज़ होगी।
- » $4 मिलियन, ताकि क्लाइमेट एक्शन सेक्रेट्रीएट जलवायु के प्रति कार्यवाही के लिए उपाय विकसित करने में मदद कर सके, जिस से शुद्ध, समावेशी आर्थिक विकास मज़बूत होगा।

### जलवायु अनुकूलता और तैयारी

प्रांतीय सरकार जलवायु संबंधित तैयारी और अनुकूलता को मज़बूत करने के लिए प्रगतिशील उपक्रमों में निरंतर निवेश कर रही है, जिस के लिए $6 मिलियन रखे गए हैं, ताकि जलवायु संबंधित खतरों के प्रति बेहतर कार्यवाही करने के लिए आगे चल कर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को घटाने के लिए बी सी की जलवायु तत्परता और अनुकूलता रणनीति के प्रथम पड़ाव में सहायता दी जा सके।

# जीवन को और ज़्यादा वहन करने योग्य बनाने के लिए सहायता

लोगों के जीवन को और ज़्यादा वहन करने योग्य बनाना सरकार की एक केंद्रीय प्रतिबद्धता है

बजट 2021 में दिए गए और उस के साथ साथ, पिछले चार वर्षों के दौरान लागू किए गए और उपायों के परिणामस्वरूप बहुत से परिवारों और व्यक्तियों को निरंतर बचतें हो रही हैं।

| निरंतर संभव बचतें | वेनकूवर में चार जन का परिवार जो $100,000 कमाता है<br>बच्चा 1 (आयु 12)<br>बच्चा 2 (आयु 5 डे-केयर में)<br> | वेनकूवर में चार जन का परिवार जो $80,000 कमाता है<br>बच्चा 1 (आयु 12)<br>बच्चा 2 (आयु 5 डे-केयर में)<br> | वेनकूवर में अकेली माता या पिता जो $60,000 कमाता है<br>जिस का एक बच्चा है<br>(आयु 5 डे-केयर में)<br> | वेनकूवर में अकेला व्यक्ति जो $30,000 कमाता है<br> |
|---|---|---|---|---|
| छात्रों के लिए नया बी सी एक्सेस अनुदान | *1,333* | *2,667* | - | *4,000* |
| एम एस पी को ख़त्म करना | *1,800* | *1,800* | *1,800* | *900* |
| छात्रों के कर्ज़े पर ब्याज माफी | *230* | *230* | *230* | *230* |
| वहन करने योग्य बाल- संभाल बेनिफिट | *2,316* | *4,800* | *4,800* | - |
| बाल-संभाल फी रिडक्शन इनीशिएटिव | *1,440* | *1,440* | *1,440* | - |
| पोर्ट मान और गोल्डन ईअरज़ टोल को ख़त्म करना | *1,500* | *1,500* | *1,500* | *1,500* |
| बी सी चाइल्ड अपरच्युनिटी बेनिफिट | *598* | *1,380* | *700* | - |
| आई सी बी सी में बदलाव | *400* | *400* | *400* | *400* |
| आई सी बी सी में बदलाव | *1,344* | *1,344* | *672* | - |

## अधिकतर संभव बचतें

| एक ही बार की छूटें |
|---|
| एक ज़ीरो-उत्सर्जन वाहन पर $3,000 तक बचाएं |
| एक हीट पंप पर $3,000 तक बचाएं |
| ई-बाईकों पर पी एस टी की छूट के साथ आप औसतन $280 बचा सकते हैं। |

**FOR MORE INFORMATION**

*Budget 2021 Details:* www.bcbudget.ca
*Ministry of Finance:* www.gov.bc.ca/fin

*This document was printed on environmentally conscious Elemental Chlorine free paper, contains recycled fibre and is 100% recyclable. Production of this document included best practices for conservation. Please Reduce, Reuse and Recycle.*